बरेली, सोमवार
27 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO.- 04 : TOP



रिद्धिमा में प्रस्तुति देते कलाकार • सौ. आयोजक

# डमरू की गूंज, तांडव की ताकत और शांति का दिया संदेश

**बरेली:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को इंट्रूमेंटल कार्यक्रम रेनबो-2 का आयोजन किया। इसमें रिद्धिमा के वाद्य यंत्र गुरुजन ने विभिन्न रागों पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राग यमन के फ्यूजन में कैलाश की गूंज से हुई। वाद्य यंत्र गुरुओं में सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), दीपकांत जौहरी, अमर नाथ (तबला), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), सीमा (सितार), पवन भारद्वाज (हारमोनियम), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (ड्रम्स), डेरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड), रोई फिलिप्स (सेक्सोफोन), सुरेंद्र (परकसन) और जनार्दन (बांसुरी) शामिल थे। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने भी अपनी आवाज से प्रस्तुति को संजीवनी दी। अगली प्रस्तुति 'द गोल्डन नोट्स' में वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सुरों का संगम हुआ। इसके बाद 'द चैंपियंस एंथम मेडले' में धुनों की अद्भुत प्रस्तुति दी गई।